मेरा गाँव : मेरा गौरव योजना एवं कृषि महोत्सव–2017

के समापन अवसर पर

निःशुल्क पशु उपचार एवं परजीवी नियंत्रण शिविर का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 02/05/2017 को **''मेरा गाँव : मेरा गौरव''** योजना के अंतर्गत गोद लिए गए गाँव घाना में प्रातः 7:30 बजे से निःशुल्क पशु उपचार एवं परजीवी नियंत्रण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 12 गाय, 5 भैंस एवं 35 बकरियों का निशुल्क निरीक्षण एवं उचित उपचार दिया गया इसके साथ ही शिविर में 5 पशुओं की गर्भधारण निरीक्षण एवं 6 पशुओं का मल/मूत्र परीक्षण भी किया गया एवं आवश्यक पशुपालकों को निशुल्क दवाईयाँ, खनिज मिश्रण आदि भी प्रदान किया गये। इस प्रकार शिविर से लगभग 52 पशुओं को अपने ही क्षेत्र में परीक्षण एवं उपचार की सुविधा दी गई। शिविर को सफल बनाने में डॉ. ए.के. गौर, डॉ. एम.के. शुक्ला, डॉ. रूचि सिंह, डॉ. अर्पणा रैयकवार, डॉ. रूपेश वर्मा, स्नातकोत्तर और स्नातक छात्र–छात्राओं एवं ग्राम सरपंच श्रीमती पुष्पा बर्मन, ग्राम सचिव श्री मिथलेश यादव एवं ग्रामीण जन का सराहनीय योगदान रहा।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. पी.डी. जुयाल के सरंक्षण में इसी प्रकार हर माह सभी गोद लिये गए गाँव में प्रसार कार्य किये जा रहे हैं।